26 अगस्त का भारतीय इतिहास
नमस्ते, आज 26 अगस्त, (अंग्रेजी वर्ष का 238वाँ दिन और लीप वर्ष में 239 वॉ दिन) आपके और आपके परिवार के लिए मंगलमय हो।
सबको मेरा प्रातः नमन।

26 अगस्त 1303: अलाउद्दीन खिलजी ने चितौड़गढ़ पर कब्जा किया।
26 अगस्त 1914: बंगाल के क्रांतिकारियों ने कलकत्ता में ब्रिटिस बेडे पर हमला कर 50 माउजर और 46 हजार राउंड गोलियां लूटी।
26 अगस्त 2008: तेलगु फ़िल्मों के सुपर स्टार चिरंजीवी ने अपनी नई पार्टी प्रजा राज्यम का उद्घाटन किया।

26 अगस्त को जन्मे प्रसिद्ध व्यक्ति
1910: मदर टेरेसा - नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित का युगोस्लाविया के स्कोपजी में जन्म हुआ। (निधन: 5 सितंबर 1997, कलकाता, पश्चिम बंगाल, भारत)
1922: गणेश प्रभाकर प्रधान - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, मराठी बुद्धिजीवी, पत्रकार और शिक्षाविद् का महाराष्ट्र, भारत में जन्म हुआ। उन्होंने मरणोपरांत नेत्रदान एवं देहदान किया। (निधन: 29 मई 2010, पूना, भारत)

1927: बंसीलाल - हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और स्वतन्त्रता सेनानी का भिवानी, हरियाणा में जन्म हुआ। (निधन: 28 मार्च 2006, दिल्ली)
1928: ओम प्रकाश मुंजाल - हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक भारतीय व्यापारी और समाज-सेवी का कमलिया, पंजाब, ब्रिटिश भारत में जन्म हुआ। (निधन: 13 अगस्त 2015, लुधियाना)
1956: मेनका गाँधी - प्रसिद्ध राजनेत्री, संजय गाँधी की पत्नी एवं पशु-अधिकारवादी का दिल्ली में जन्म हुआ था।
1972: इंद्र कुमार - इन्द्र कुमार नगारची हिन्दी फ़िल्मों के एक निर्माता - निर्देशक प्रसिद्ध सहायक अभिनेता, अभिनेत्री अरुणा इरानी के भाई, और फिल्म अभिनेत्री श्वेता कुमार के पिता का बोलाद, गुजरात में जन्म हुआ था। (निधन: 28 जुलाई 2017)

26 अगस्त को इनकी होती है पुण्यतिथि
1975: डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्दिकर - स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार और पद्मभूषण से सम्मानित का निधन हुआ। (जन्म: 7 मई 1889, धारवाड़ ज़िला, मैसूर, कर्नाटक)
2012: ए के हंगल - अवतार कृष्ण हंगल, हिंदी फिल्मो के अभिनेता का मुम्बई में निधन हुआ। (जन्म: 1 फ़रवरी 1914, सिआलकोट, पंजाब (ब्रिटिश भारत))

26 अगस्त के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव
*राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा: हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करना है।
*अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस: न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरुआत की। अमरीका में '26 अगस्त', 1920 को 19वें संविधान संशोधन के माध्यम से पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। इसके पहले वहाँ महिलाओं को द्वितीय श्रेणी नागरिक का दर्जा प्राप्त था। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्ज़ुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा। भारत में आज़ादी के बाद से ही महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्राप्त तो था, लेकिन पंचायतों तथा नगर निकायों में चुनाव लड़ने का क़ानूनी अधिकार 73वे संविधान संशोधन के माध्यम से स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के प्रयास से मिला। इसी का परिणाम है कि आज भारत की पंचायतों में महिलाओं की 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी है।
*अंतर्राष्ट्रीय कुत्ता दिवस: अंतर्राष्ट्रीय कुत्ता दिवस दुनिया भर के सभी कुत्तों और उनके द्वारा हमारे प्रति दिखाए जाने वाले साहचर्य और वफ़ादारी का एक विशेष उत्सव है। कुत्ते वास्तव में 'मनुष्य के सबसे अच्छे दोस्त' हैं, और अंतर्राष्ट्रीय कुत्ता दिवस यह दिखाने का एक शानदार अवसर है।

कृपया ध्यान दें
यद्यपि इसे तैयार करने में पूरी सावधानी रखने की कोशिश रही है। फिर भी किसी घटना, तिथि या अन्य त्रुटि के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है।
*यदि आपके पास इस तिथि से जुडी कोई जानकारी या ऐतिहासिक घटना हो तो सूचित करें|